## खबर संक्षेप

### संजय जोशी ने वाजपेई की प्रतिमा को किया नमन

**सरिया।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी एवं प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य सच्चिदानंद उपासने की मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 14 जनवरी को दोपहर 1 बजे सरिया आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जैसे ही नेता द्वय अटल चौक पहुंचे बाजे गाजे एवं आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात नेता द्वय पैदल मार्च करते हुए महात्मा गांधी चौक पहुंचे और यहां गांधी प्रतिमा में फूल माला पहनकर महात्मा गांधी को नमन किया। इसके बाद भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी महिमा आश्रम पहुंचे और यहां साधु संतों के सानिध्य में पूजा अर्चना की। उन्होंने साधु संतों से आशीर्वाद लिए। इनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक साथ रहे। यहां भोजन व्यवस्था के बाद भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी पोरथ धाम चित्रोत्पला गंगा महाआरती के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर उन्होंने महिमा आश्रम में वरिष्ठ लेखक, साहित्यकार त्रिलोचन पटेल से महिमा धर्म के बारे में चर्चा की। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ लोगों के बुलावे से मैं प्रसिद्ध तीर्थ पोरथ धाम चित्रोत्पला मां गंगा की आरती में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसलिए मैं यहां पहुंचा हूं।

### गणतंत्र दिवस पर जिले में रहेगा शुष्क दिवस

**रायगढ़।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24, उपधारा 1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार 26 जनवरी को जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा सीएस 2 घघ, समस्त देशी कंपोजिट मदिरा सीएस 2 घघ कंपोजिट एवं समस्त विदेशी प्रीमियम मदिरा एफएल1 घघ समस्त विदेशी कम्पोजिट मदिरा एफएल1 घघ कम्पोजिट दुकानों, देशी मदिरा भंडारण भंडागार, समस्त होटल बार अनुज्ञप्ति एफएल 3, शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार अनुज्ञप्ति एफएल 3 क, पर्यटन बार एफएल 3 ग एवं समस्त देशी/देशी कम्पोजिट अहाता, समस्त विदेशी/विदेशी कम्पोजिट अहाता पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शुष्क दिवस के दौरान मदिरा का किसी भी प्रकार का क्रय.विक्रय, वितरण अथवा संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी अनुज्ञप्ति धारकों होटल बार संचालकों एवं संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जल जीवन मिशन के लिए खोदे गए गड्ढे से परेशानी

**कोसीर।** बटाऊपाली सहित आसपास के जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन विछाने के लिए गांव-गांव के रोड किनारे सीसी रोड को तोडकर खोद दी है गड्ढे और पाइप बिछाना तो दूर की बात है इस गड्ढे को झांकने तक कोई नही आ रहे है। कोसीर बटाऊपाली डंगनिया रीवा पार जैसे क्षेत्र की गाव की नल जल पाइप लाइन बिछाने जो ठेकेदार ने ठेका लिया था वह काम छोड कर चला गया है। अब दूसरे ठेकेदार को काम तो दिया गया है, लेकिन उसका भी कहीं अता-पता नही है। ऐसे मे पूरे क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का काम अधूरा पड़ा है। जिससे गांव के लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बगीचा के आधुनिक ...

साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी सिंह जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता कृष्णा राय, आईजी श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## केलो तट पर दिखे आस्था के नजारे, सैकड़ों की तादात में पहुंचे लोगों ने लिया केलो मैया को बचाने का संकल्प

# केलो की कलकल ध्वनि के साथ 11 पंडितों के मंत्रोच्चार से प्रफुल्लित हुई केलो मैया





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मां केलो भी उस वक्त प्रफुल्लित हुई जब केलो की कलकल ध्वनि के बीच पूरे वातावरण में 11 पंडितों के मंत्रोच्चार गुंजायमान हुआ। यह नजारा देखते बन रहा था जब मंत्रोंच्चार के साथ एक साथ सैकड़ों हाथों ने मां केलो की आरती उतारी और उसे बचाने का संकल्प लिया। इस नजारे के सैकड़ों साक्षी बने।

शहर से लेकर गांव के लोग भी इस महा आरती में शामिल होकर पुण्य के भागी बने। दिन भर यहां भीड़ लगी रही। देर शाम 11 पंडितों ने एक साथ मंत्रोच्चार के साथ आरती किया, इस दौरान केलो मैया के जयकारे से आसमान गुंजित होता रहा। यहां कई तरह की लगी स्टॉलों में भीड़ लगी रही। सैकड़ों की तादात में यहां लोग पहुंचे थे और इस महा आरती का नजारा देखा। बीते एक दशक से केलो उद्धार समिति की ओर से केलो मैया को बचाने के लिए महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को केलो मैया की 10 वीं आरती में जन सैलाब उमड़ा था। केलो नदी क तट पर सजी रोशनियों से जगमगाती मंदिर जैसे मथुरा के प्रेम मंदिर प्रतीत हो रहा था। महा आरती में शामिल लोगों ने केलो मैया को साफ और स्वच्छ रखनें का संकल्प लिया।

### स्टॉलों के पीछे जागरुकता संदेश

यहां करीब 30 स्टॉल बनाए गए थे। इन स्टॉलों के पीछे दीवार पर केलो मैया के लिए जागरुकता संदेश लिखा हुआ था। केलो को न करो गंदा, चौपट हो जाएगा वरना धंधा, केलो की रक्षा रायगढ़ की सुरक्षा जैसे अनेक जागरुकता संदेश से दीवार सजी हुई थी। इसके आगे स्टॉलों में पहुंचे लोंगों में इस जागरुकता संदेश का खासा असर देखनें का मिला।

## मकर संक्रांति पर महानदी के पोरथ में सवा लाख लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



मकर संक्रांति के मौके पर 14 जनवरी को आस्था की डुबकी लगाने सरिया के महानदी चित्रोत्पला गंगा पोरथ घाट पर एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। 13 जनवरी की रात भर सरिया अंचल सहित सरहदी प्रांत उड़ीसा के लोग संक्रांति स्नान करने के लिए यहां पहुंच रहे थे। सुबह होते तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण पोरथ धाम एकत्र हो चुके थे। 14 जनवरी की सुबह ठीक 4 बजे से मकर संक्रांति का स्नान प्रारंभ हुआ। यहां स्नान करने के बाद भक्तों ने स्वयंभू शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों का तांता दिन भर लग रहा। इससे पहले रतजगा कर भक्तगण भजन कीर्तन गाते रहे और मंदिर की परिक्रमा करते रहे। पूजा अर्चना के बाद लोगों नौका विहार का आनंद लिया। इसके बाद देर शाम महा आरती हुआ। मंदिर से लगे महानदी घाट में भक्तों के स्नान की व्यवस्था सुरक्षित होने पर श्रद्धालु महानदी में डुबकी लगाई और आस्था के दीप प्रवाहित किया। पुण्य काल के दौरान श्रद्धालुओं ने जाप हवन पूजन एवं कांस्य पात्र में तिलों का त्रिकोण बनाकर दान किया। शाम 4 बजे पोरथधाम में गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी एवं छग भाजपा कार्य समिति के सदस्य सच्चिदानंद उपासने एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में चित्रोत्पला गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया ।इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संजय जोशी एवं सच्चिदानंद उपासने को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जल मार्ग ग्राम नदी गांव से पोरथ तक नाव के माध्यम से ले जाया गया।

### पुलह ऋषि थे मेला के जनक

पोरथ धाम में मकर संक्रांति मेला के जनक पुलह ऋषि थे। जो भक्त पोरथ धाम पहुंचते हैं। वे पुलह ऋषि आश्रम में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। पुलह ऋषि के कुछ सामग्री आज भी धरोहर के रूप में सुरक्षित रखी गई है, और श्रद्धालु उनका दर्शन कर पुण्य के भागी बनते हैं। यहां के मंदिर के पुजारी गोप रंजन देहरी ने बताया कि 14 जनवरी मकर संक्रांति पर करीब सवा लाख श्रद्धालुओं ने महानदी में आस्था की डुबकी लगाई। मकर संक्रांति स्नान का पुण्य 15 जनवरी तक होने पर यहां 14 जनवरी से सुबह 4 बजे से श्रद्धालुओं का स्नान दान कार्य प्रारंभ हो गया था। सबसे ज्यादा महिला श्रद्धालुओं की भीड रही।

## अवैध धान परिवहन करते 2 ट्रैक्टर, 1 पिकअप जब्त, 123 क्विंटल धान पकड़ा



**जशपुरनगर।** धान खरीदी सीजन के बीच अवैध धान परिवहन पर जिला पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। चौकी दोकड़ा क्षेत्रांतर्गत बीते दो दिनों में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर और एक पिकअप वाहन से कुल 306 बोरी में 123 क्विंटल धान जब्त किया है। सभी मामलों में धान से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते वाहनों सहित धान को जिला प्रशासन को आगे की कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया। 13 जनवरी को दोपहर करीब 12.15 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सुजीबहार के पास बिना नंबर के दो ट्रैक्टर रोके। तलाशी में दोनों ट्रैक्टरों से 125-125 बोरी, कुल 250 बोरी धान बरामद हुआ। पूछताछ में चालकों ने अपनी पहचान यमन बेहरा उम्र 24 वर्ष और मुनेश्वर राम उम्र 20 वर्ष, दोनों निवासी बगिया, बताई। उन्होंने स्वीकार किया कि धान को बगिया क्षेत्र की वेदांश राइस मिल से लोड कर चोंगरीबहार धान उपार्जन केंद्र ले जाया जा रहा था, जहां किसी अन्य किसान के टोकन पर खपाने की तैयारी थी।

### जिला प्रशासन ने राईस मिल किया सील

मामले की जांच में जिला प्रशासन ने राइस मिल में भंडारण अनियमितता पाई। मौके पर संचालक व प्रतिनिधि अनुपस्थित मिला और संपर्क भी नहीं हो सका, जिसके बाद राइस मिल को सील कर दिया गया।

### झारखंड से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा धान

दिनांक 14 जनवरी की तड़के करीब 3.00 बजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर झारखंड से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक जेएच-एफबी-3748 को चोंगरीबहार तीतरमारा के पास घेराबंदी कर पकड़ा। वाहन से 56 बोरी में 29 क्विंटल धान मिला। चालक जगरनाथ यादव उम्र 42 वर्ष, निवासी कुरडेग, जिला सिमडेगा, कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। संदेह के आधार पर पिकअप सहित धान जब्त कर जिला प्रशासन को सौंपा गया।

## शिव शर्मा बने कांग्रेस कमेटी घरघोड़ा के ब्लॉक अध्यक्ष

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा कांग्रेस संगठन को एक बार फिर अनुभवी और जमीनी नेता का नेतृत्व मिला है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिव शर्मा को पुनः कांग्रेस कमेटी घरघोड़ा का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पूरे क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का माहौल व्याप्त है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ.साथ आम नागरिकों में भी इस निर्णय को लेकर खुशी की लहर देखी जा रही है। शिव शर्मा केवल एक राजनीतिक नेता ही नहींए बल्कि क्षेत्र में एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में भी उनकी अलग पहचान है। वे हर वर्ग के लोगों के दुख.दर्द में बिना भेदभाव खड़े उतरते हैं। चाहे किसी जरूरतमंद परिवार की सहायता हो, सामाजिक संकट हो या जनसमस्याओं से जुड़ा मामला शिव शर्मा हमेशा आगे रहकर मदद करते नजर आते हैं।

## अधिनियम और श्रम कानूनों को ठेंगा दिखाने वाले 5 प्लांटों पर 9 लाख की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में संचालित प्लांटों में श्रम कानून और कारखाना अधिनियमों को ठेंगा दिखाने वाले उद्योग प्रबंधनों पर श्रम न्यायालय ने 9 लाख जुर्माना अधिरोपित किया है। इसमें जिले के सबसे बड़े और अन्य कारखाना शामिल है। इन प्लांटों में हुए हादसे के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने जांच किया था। इस दौरान सामने आई खामियों के बाद विभाग द्वारा श्रम न्यायालय में आपराधिक याचिका दायर की गई थी। इसकी सुनवाई करते हुए 6 मामलों में कारखाना के अधिभोगियों पर पेनाल्टी अधिरोपित की गई है। इस कार्रवाई से नियमों को लेकर मनमानी करने वाले उद्योग प्रबंधनों में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक राहुल पटेल ने जिले में स्थापित कारखानों में घटित दुघटनाओं में निरीक्षण कर किया था। इस दौरान नियमों का उल्लंघनों के लिए कारखाना अधिनियम, 1948, छग कारखाना नियमावली, 1962 तथा भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन अधिनियम, 1996, छग भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन नियम, 2008 के अंतर्गत 6 कारखानों के विरूद्ध 6 आपराधिक प्रकरण श्रम न्यायालय में दायर किया गया था। इसकी सुनवाई बीते दिसम्बर में पूरी कर निराकृत किया गया। इसमें सब्यसाची बन्योपाध्याय अधिभोगी व अमरेश पांडे कारखाना प्रबंधक कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 59, धारा 54, धारा 56, धारा 79, धारा 52, धारा 41 (बी) के उल्लंघन के लिए श्रम न्यायालय द्वारा तीन लाख अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।इसी तरह सरदार सिंह राठी अधिभोगी व रविन्द्र सिंह चौहान कारखाना प्रबंधक, नलवा स्पेशल स्टील लिमिटेड में कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 41 सहपठित नियम 73 (घ), धारा 41 सहपठित नियम 73(1) के उल्लंघन के लियेएक लाख 40 हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। विनय कुमार शर्मा संचालक, मेसर्स सिंघल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड व अजय कुमार दास ठेकेदार, अजय कुमार दास प्रवकर दास में भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 की धारा 44, नियम 47, नियम 47 के उपनियम (5) के उल्लंघन के लिए 12 हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## एनएसएस से आता है अनुशासन एवं सेवा का भाव : उमेश

**रायगढ़।** शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हायर सेकेंडरी स्कूल तारापुर के छात्र छात्राओं का ग्राम बालमगोड़ा में आयोजित नशा मुक्त समाज के लिए युवा सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह पूर्व मंत्री खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल के मुख्य अतिथि में 12 जनवरी युवा दिवस को संपन्न हुआ। उमेश पटेल ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से अनुशासन एवं सेवा भावना की सीख मिलती है जिसे हम अपने जीवन में आत्मसात कर स्वयं को आगे बढ़ा सकते हैं राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास के साथ सामाजिक सेवा के क्षेत्र में छात्र छात्राओं को प्रेरित करता है।

## भारतीय सेना लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी : कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 10वां सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पूरे सम्मान, गौरव और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस हमारे लिए सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए एक अवसर है। इस दौरान शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी एवं माता श्रीमती आशा त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने भारतीय सशस्त्र बलों की गरिमाए अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सेना से जुड़ा हुआ है। भारतीय सेना, चाहे वह थलसेना, वायुसेना, नौसेना, तटरक्षक बल अथवा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल होंए सभी ने सदैव अद्वितीय नैतिकता, अनुकरणीय प्रतिबद्धता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की परंपरा का निर्वहन किया है। कलेक्टर ने कहा कि विश्व के अनेक देशों में सैन्य शक्ति और लोकतंत्र के बीच टकराव देखने को मिलता है, लेकिन भारत में सेना पूरी तरह से लोकतांत्रिक ढांचे के अंतर्गत कार्य करती है, जो देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए सीमा क्षेत्रों में तैनाती, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सैनिकों की सतर्कता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर तैनात भारतीय सैनिक हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं । उनकी सजगता ही भारत की सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल है।

## नाबालिग साली से दुष्कर्म, आरोपी जीजा समेत दो गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** नाबालिग साली को बहला-फुसलाकर घर से भगाने, फिर ट्रेन से ले जाकर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में दुष्कर्म करने वाले आरोपी जीजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस वारदात में मोटरसाइकिल से कोरबा तक भगाने में सहयोग करने वाला सह-आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा। मामला चौकी दोकड़ा क्षेत्र के एक गांव का है।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध चौकी दोकड़ा में धारा 137(2), 96, 64(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत अपराध दर्ज किया है।पुलिस ने इस मामले में रोहित



कुमार सिदार उम्र 26 वर्ष – निवासी धौरासाढ़, थाना फरसाबहार, ओमप्रकाश सिदार उम्र 28 वर्ष – निवासी तुबा, थाना फरसाबहार को गिरफ्तार कर लिया।

## जल संरक्षण की मिसाल है गतवा तालाब, मनरेगा से हुआ गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य सरकार की जल संरक्षण संवर्धन नीति और मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से गाँव गाँव में जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन हो रहा है। इसी दूरदर्शी सोच का सशक्त उदाहरण रायगढ़ जिला अंतर्गत जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत बुनगा में देखने को मिला है, जहाँ मनरेगा योजना के तहत गतवा तालाब का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

यह कार्य न केवल जल संकट के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम हैए बल्कि ग्रामीण आजीविका, कृषि और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो रहा है। पूर्व में ग्रीष्मकाल के दौरान गतवा तालाब लगभग सूखने की स्थिति में पहुँच जाता था, जिससे निस्तारी, सिंचाई एवं पशुपालन गंभीर रूप से प्रभावित होते थे। तकनीकी टीम द्वारा स्थल निरीक्षण के पश्चात तालाब को



गहरीकरण हेतु चिन्हांकित किया गया और जिला प्रशासन द्वारा 8.96 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। मनरेगा अंतर्गत संचालित इस कार्य से लगभग 3292 मानव दिवस का सृजन हुआ, जिससे स्थानीय श्रमिकों को रोजगार मिला। कार्यस्थल पर पथरीली एवं मुरूमी मिट्टी होने के कारण अतिरिक्त श्रम और समय की आवश्यकता पड़ी, किंतु ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला प्रशासन के बेहतर समन्वय से कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया गया।




